जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

21 फरवरी 2023

प्रेस विज्ञप्ति

## यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, जर्मनी की टीम ने जामिया का किया दौरा

यूनिवर्सिटी ऑफ एप्लाइड साइंसेज, एरफर्ट, जर्मनी के प्रोफेसर रेहक्लाउ क्रिस्टीन के नेतृत्व में नौ छात्रों की अंतरराष्ट्रीय टीम ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया (जेएमआई) की वाइस चांसलर प्रो. नजमा अख्तर से मुलाकात की और जामिया में अपने प्रवास के दौरान अकादमिक और फील्ड एंगेजमेंट के बारे में अनुभव साझा किया। जर्मन टीम 20 फरवरी, 2023 से 02 मार्च, 2023 तक दस दिनों के लिए जामिया के समाज कार्य विभाग के साथ शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत दौरा कर रही है।
प्रो. नीलम सुखरामनी, अध्यक्ष, समाज कार्य विभाग, जामिया ने छात्र विनिमय कार्यक्रम और दो दशकों में दोनों संस्थानों के बीच इस उपयोगी सहयोग के महत्व के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने कुलपति प्रो. नजमा अख्तर को इस विज़िट के कार्यक्रम के बारे में भी विस्तार से बताया।

प्रो नजमा अख्तर, वाइस चांसलर, जेएमआई ने टीम का स्वागत किया और उनके टूर और उम्मीदों के बारे में बातचीत की। उन्होंने विज़िट को एक यादगार अनुभव बनाने के बारे में भी विचार साझा किए। अन्य विभागों और संस्थानों के बारे में भी सुझाव दिए जिनका दौरा टीम अपने प्रवास के दौरान कर सकती है।

विज़िट का समन्वयन जामिया के समाज कार्य विभाग के फैकल्टी सदस्यों प्रोफेसर अश्विनी कुमार सिंह, डॉ. लालमिंगमावी गंगटे ने किया है। एक विस्तृत कार्यक्रम जहां टीम के लिए बाल संरक्षण, समावेशी शिक्षा, जेंडर आधारित हिंसा, होमलेस्नेस, मादक द्रव्यों के सेवन, ग्रामीण आजीविका के क्षेत्रों में हस्तक्षेप का प्रदर्शन तैयार किया गया है। टीम ग्रामीण वास्तविकताओं से भी रूबरू होगी। कार्यक्रम प्रतिभागियों को भारत में समाज कार्य अभ्यास के संदर्भ के साथ-साथ माइक्रो, मेज़ो और मैक्रो स्तर पर विभिन्न इंटरवेंशन को समझने में सक्षम बनाएगा।
स्मृति चिह्नों के आदान-प्रदान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया